## संक्षिप्त खबरें

### तस्करी के आरोप में गिरफ्तार दो भारतीय शामिल

**काठमांडू।** नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किए गए चार लोगों में दो लोग भारतीय नागरिक हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय नागरिक छोटू पासवान (20) को सरलाही जिले के लालबंदी नगर पालिका क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उसकी मोटरसाइकिल से सात किलोग्राम हशीश जब्त किया गया। एक अलग मामले में महोत्तरी जिले के पिपरा ग्रामीण नगर पालिका क्षेत्र से एक भारतीय नागरिक सहित तीन लोगों को विभिन्न प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस मुख्यालय के एक बयान के अनुसार, पुलिस ने बिहार के रहने वाले 20 वर्षीय सुबोध राउत और दो नेपाली नागरिकों मोहम्मद हुसैन तथा गुड्डू सफी से फेनर्गन 496 एम्प्यूल्स, टायलोसिस 499 एम्प्यूल्स और डायजेपाम 492 एम्प्यूल्स जब्त किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पोप फ्रांसिस को परीक्षण के लिए लाया गया अस्पताल

**रोम।** पोप फ्रांसिस अपने स्वास्थ्य से सुधार के बाद बुधवार को साप्ताहिक सार्वजनिक प्रार्थना में पहुंचे जिसके बाद उन्हें स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रोम के एक अस्पताल लाया गया। वेटिकन ने यह जानकारी दी। पोप एक छोटी सफेद कार में तिबर द्वीप पर जेमेली अस्पताल पहुंचे जहां से वह फिर वापस चले गए। पिछले सप्ताह फ्लू के लक्षणों के बाद पोप के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे। पोप को बुधवार को वेटिकन में प्रार्थना सभागार में व्हीलचेयर पर लाया गया। पोप ने फ्लू के कारण शनिवार और सोमवार के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए थे, लेकिन रविवार को वह हमेशा की तरह सेंट पीटर स्क्वायर की ओर वाली खिड़की पर दिखाई दिए।

### इराक में पांच ड्रग तस्करों को मौत की सजा

**बगदाद।** इराक की एक अदालत ने बुधवार को तीन विदेशियों सहित पांच ड्रग तस्करों को मौत की सजा सुनाई। सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल के मीडिया कार्यालय की ओर से जारी बयान में तीन विदेशियों की राष्ट्रीयता निर्दिष्ट किए बिना कहा गया, केंद्रीय आपराधिक न्यायालय ने पांच ड्रग तस्करों को फांसी देने का आदेश जारी किया, जिन्हें मादक पदार्थ कैप्टागन गोलियों की तस्करी का दोषी ठहराया गया था। बयान में कहा गया है कि दोषी नशीले पदार्थों को पड़ोसी देशों में तस्करी करने से पहले मध्य प्रांत नजफ़ से दक्षिणी प्रांत मुथन्ना तक ले जा रहे थे। इस बीच, गृह मंत्रालय के नारकोटिक्स मामलों के निदेशालय ने एक अलग बयान में कहा कि मादक द्रव्य विरोधी बलों ने इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में 80 किलोग्राम नशीली कैप्टागन गोलियां जब्त कीं। बयान में कहा गया है कि प्रांत में मादक द्रव्य विरोधी बलों द्वारा गिरफ्तार किए गए चार ड्रग तस्करों की जांच के बाद मादक पदार्थों को जमीन के अंदर छिपा हुआ पाया गया।

### होंडुरास में बस टक्कर में 17 लोगों की मौत

**तेगुसीगाल्पा।** पश्चिमी होंडुरास के कोपन विभाग के सैन जुआन डी ओपोआ नगर पालिका में बुधवार को दो बसों की टक्कर में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सशस्त्र बलों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, +सैनिक और अग्निशामक इस आपात स्थिति से निपटने और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक बस अमेरिका की यात्रा करने वाले प्रवासियों को छोड़ने के बाद ओकोटेपेक विभाग के अगुआ कैलिएंट शहर से लौट रही थी, जबकि दूसरी लेम्पिरा-सांता रोजा मार्ग को कवर कर रही थी। प्रवासियों को उतारने वाली बस के ड्राइवर ने कहा, +मैं बस नहीं चला रहा था, मैंने इसे सहायक को सौंप दिया था। उसने ब्रेक मारा और टायर खुल गए। कुछ यात्रियों की गवाही के अनुसार, एक बस इतनी तेज़ थी कि सवारियों में डर था। होंडुरास के राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# पाकिस्तान को भारत के खिलाफ बयान देने का अधिकार नहीं : अनुपमा सिंह



एजेंसी

**नई दिल्ली।** में भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो खून में डूबा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया था। भारत ने अपने राइट टु रिप्लाई (जवाब देने के अधिकार) का इस्तेमाल करते हुए कहा- जिस देश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न संस्थाएं करती हों और जिसका मानवाधिकार रिकॉर्ड वास्तव में खराब है, उसे भारत के खिलाफ बयान देने का अधिकार नहीं है।

बुधवार को जेनेवा में हो रहे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सेशन के हाई लेवल सेगमेंट में फर्स्ट सेक्रेटरी अनुपमा सिंह ने कहा- हम उस देश पर और ज्यादा ध्यान नहीं दे सकते जो दुनिया भर के आतंकियों को पनाह देता है। ऐसा देश जो लाल रंग (खून) में डूबा हुआ है। उनके अपने लोगों को शर्मिंदगी महसूस होती है कि उनकी सरकार उनके हितों के लिए काम करने में नाकाम रही है। अनुपमा सिंह ने कहा- पाकिस्तान ने बार-बार भारत का जिक्र किया। यह बहुत निराशाजनक है कि परिषद के मंच पर भारत के बारे में खुलेआम झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीरलद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है। केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में सामाजिक और आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने संवैधानिक प्रयास किए हैं। ये भारत के आंतरिक मामले हैं और इनमें किसी की भी दखलअंदाजी हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### यूएन में पहले भी उठ चुका है कश्मीर मुद्दा

**1. अगस्त 2023 :** यूएन में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर भारत ने कहा था कि बार-बार कश्मीर राग अलापने की जगह पाकिस्तान को अपने देश पर ध्यान देना चाहिए। मिशन में मौजूद भारत के काउंसलर आर मधुसूदन ने कहा था कि इस परिषद के समय का सही इस्तेमाल तभी हो पाएगा जब दूसरे देशों के डेलिगेशन मेरे देश पर आरोप लगाने की बजाय अपने मुल्क के मसलों पर ध्यान दें। वे बार-बार अपने एजेंडा के लिए ह काउंसिल का ध्यान भटकाने की कोशिश करते रहते हैं।

**2. जुलाई 2023 :** ब्रिटेन में हुई ह्स्ष्ट की एक बैठक में पाकिस्तान ने फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर ह में भारत के मिशन काउंसलर आशीष शर्मा ने कहा था- लद्दाख और जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे और रहेंगे। इस पर पाकिस्तान क्या सोचता या चाहता है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आशीष शर्मा ने कहा था- ह्स्ष्ट में एक डेलिगेशन ने मेरे देश के खिलाफ जहर उगला है, जो राजनीति से प्रेरित है। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। जो लोग खुद कट्टरता में डूबे हुए हैं वो भारत के समाज और यहां रह रहे अलग-अलग समुदाय के लोगों की एकता को नहीं समझ सकते। हम इस तरह के बयान की कड़ी निंदा करते हैं।

# इमरान खान ने आईएमएफ को पत्र लिखकर ऑडिट का किया आग्रह

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को एक पत्र लिखा जिसमें नकदी संकट से जूझ रहे देश के साथ किसी और बेलआउट वार्ता पर विचार करने से पहले कम से कम 30 प्रतिशत राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबली सीटों का ऑडिट सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

पाक तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान (71) ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वह वैश्विक ऋणदाता से किसी भी सहायता देने से बचने के लिए कहेंगे क्योंकि अधिकारियों ने उनकी पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए चुनावी नतीजों में धांधली की है। पार्टी के उनके मनोनीत अध्यक्ष गौहर अली खान ने पार्टी महासचिव उमर अयूब खान के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पत्र की पुष्टि की लेकिन उन्होंने इसकी विषयवस्तु साझा करने से इनकार कर दिया। पार्टी के एक प्रवक्ता ने यह भी कहा कि पत्र को तब तक मीडिया के साथ साझा नहीं किया जाएगा जब तक कि इसे पार्टी द्वारा मान्यता नहीं मिल जाती। हालांकि, पीटीआई- ने खान के मार्गदर्शन में पार्टी प्रवक्ता रऊफ हसन द्वारा आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा को संबोधित एक पत्र देखा है।

पत्र की शुरुआत इस स्पष्टीकरण से होती है कि पार्टी पाकिस्तान को आईएमएफ की सुविधा के खिलाफ नहीं है। पत्र में लिखा गया है कि पीटीआई पार्टी आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता के रास्ते में अड़चन नहीं डालना चाहती लेकिन आईएमएफ की सहायता के साथ कुछ शर्तें जोड़ी जानी चाहिए।

# पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद संसद का पहला सत्र हुआ शुरु

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद आज (29 फरवरी को) संसद का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान सबसे पहले नए सांसद पद की शपथ लेंगे। इसके बाद 1 मार्च को सीक्रेट बैलट के जरिए सदन के स्पीकर का चुनाव हो सकता है। नतीजे घोषित होने के बाद स्पीकर डिप्टी स्पीकर के चुनाव की घोषणा करेंगे। इनके चुने जाने के बाद पाकिस्तान की संसद में प्रधानमंत्री चुनने का शेड्यूल जारी होगा। द डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, यह चुनाव आम तौर पर स्पीकर चुने जाने के 1-2 दिन बाद होता है। पाकिस्तान के आम चुनावों में धर्म के आधार पर भेदभाव के बिना कोई भी शख्स चुनाव लड़ सकता है। हालांकि सिर्फ एक मुस्लिम सांसद ही पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बन सकता है। 20 फरवरी को नवाज और बिलावल की पार्टी में गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति हुई थी। तब बिलावल ने कहा था- शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री और आसिफ अली जरदारी प्रेसिडेंट होंगे। 20 फरवरी को नवाज और बिलावल की पार्टी में गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति हुई थी। तब बिलावल ने कहा था- शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री और आसिफ अली जरदारी प्रेसिडेंट होंगे। नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री के चुनाव से पहले 5 मिनट तक घंटी बजाई जाती है। इसका मकसद सभी सांसदों को चुनाव की जानकारी देना होता है। चुनाव शुरू होते ही नेशनल असेंबली के दरवाजे बंद हो जाते हैं। कोई भी शख्स सदन के अंदर या बाहर नहीं जा सकता। क्क्रचुने जाने के लिए उम्मीदवार के पास 336 में से 169 सांसदों के वोट होना जरूरी होता है। शाहबाज शरीफ नए प्रधानमंत्री होंगे। दरअसल, 8 फरवरी के चुनाव में किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत (134 सीट) नहीं मिला था।

# अमेरिका में जहरीले इंजेक्शन से सजा देने की कोशिश नाकाम

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो में एक दोषी को जहरीले इंजेक्शन से दी जाने वाली सजा टाल दी गई। भारतीय समय के मुताबिक बुधवार को जेल प्रशासन की मेडिकल टीम एक घंटे तक इंजेक्शन के लिए दोषी की सही नस नहीं ढूंढ पाए। उन्होंने 8 बार नस ढूंढ़ने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे, जिसके बाद सजा को टाल दिया गया। 73 साल के थॉमस क्रीच को लीथल डेथ इंजेक्शन टेबल (स्ट्रेचर) पर बांधा गया। इसके बाद मेडिकल टीम ने उसके हाथ में इंजेक्शन लगाने के लिए नस ढूंढ़ी। जब हाथों में सही नस नहीं मिल पाई तो टीम ने पैरों में सही नस ढूंढ़ने की कोशिश की। सही नस ढूंढ़ने का यह सिलसिला एक घंटे तक चला।

**43 साल से जेल में है दोषी**

इडाहो डिपार्टमेंट ऑफ करेक्शन के डायरेक्टर जॉश टेवाल्ट ने कहा- क्रीच के हाथों और पैरों में सही नस ढूंढने के लिए आठ बार कोशिश की गई जब ये नहीं मिली तो सजा को टाल दिया गया। दोबारा मौत की सजा देने की कोशिश की जाएगी। हालांकि ये कब होगा इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। क्रीच को 5 लोगों की हत्या करने के जुर्म में 1981 में सजा हुई थी। वो 43 साल से जेल में है।

**एक मौत में लग गए थे 26 मिनट**

16 जनवरी 2014 को ओहियो जेल में डेनिस मैक्ग्वायर (53) को जानलेवा इंजेक्शन से मौत की सजा सुनाई गई। डेथ चेंबर में डेनिस को लाया गया। बिस्तर पर लिटाकर हाथ पैर और शरीर बांधा गया। दूसरी तरफ मौजूद कमरे में परिजन बैठकर यह नजारा शीशे की दीवार से देख रहे थे। डेनिस को 1989 में 22 साल की गर्भवती महिला से अपहरण कर दुष्कर्म करने और उसे मारने के लिए मौत की सजा मिली थी। करीब 10.27 बजे सुबह उसे लीथल इंजेक्शन लगाया गया। डेनिस का बेटा अपने पिता की घड़ी में समय देख रहा था। वह नोट कर रहा था कि कब उन्हें इंजेक्शन दिया गया। 10.30 बजे डेनिस का शरीर तेजी से उछलने लगा, उनके मुंह से ऐसी आवाजें निकल रही थीं जैसे कोई डूब रहा हो, वे तेजी से बिस्तर पर शरीर को पटक रहे थे। करीब 10.53 बजे डेनिस की मौत हुई। डेनिस की मौत में 26 मिनट लग गए।

**40 साल पहले पहली बार इस्तेमाल**


7 दिसंबर को 1982 को चार्ल्स ब्रूक्स जूनियर जहरीले इंजेक्शन से मौत की सजा पाने वाला पहला दोषी बना था। अमेरिका के टेक्सॉस में दवाओं के कॉकटेल को ब्रूक्स के शरीर में डाला गया था, जिससे उसका दिमाग और शरीर सुन्न पड़ गया, वो पैरालाइज हो गया और दिल की धड़कनें रुकने से उसकी मौत हो गई। जहरीले इंजेक्शन के जरिए हुई इस पहली मौत ने इस बात को लेकर आम लोगों और डॉक्टरों के बीच बहस छेड़ दी थी कि मौत की सजा देने का यह तरीका सही और मानवीय है या नहीं? हालांकि, जहरीले इंजेक्शन से मौत की सजा देने का सिलसिला आज भी जारी है। जहरीले इंजेक्शन को सजा-ए-मौत देने के दूसरे तरीकों जैसे गैस, बिजली के झटके या लटकाने की तुलना में अधिक मानवीय माना जाता था। इसके पीछे तर्क ये था कि इस इंजेक्शन में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं में से एक से गहरी बेहोशी आ जाती है, इससे मरने वाले को दर्द नहीं होता। हालांकि, नैतिकता का उल्लंघन मानते हुए कई डॉक्टर जहरीले इंजेक्शन के विरोध में थे, लेकिन इसके बावजूद इसके इस्तेमाल को मंजूरी मिली।

# बाइडेन फिट, निभा सकेंगे राष्ट्रपति की ड्यूटी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की हेल्थ को लेकर सवालों के बीच उनके डॉक्टर का कहना है कि प्रेसिडेंट बिल्कुल फिट हैं। वो आगे भी राष्ट्रपति की ड्यूटी निभा सकेंगे। 81 साल के बाइडेन का मैरीलैंड के वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में बाइडेन का एनुअल चेकअप हुआ। ये ढाई घंटे चला। चेकअप के बाद डॉक्टर केविन ओ कोनो ने कहा- बाइडेन राष्ट्रपति के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए बिल्कुल हेल्दी हैं।

फरवरी 2022 में भी वाइट हाउस के पूर्व चिकित्सक प्रतिनिधि रोनी जैक्सन समेत 37 सांसदों ने औपचारिक पत्र लिखकर बाइडेन को औपचारिक संज्ञानात्मक जांच (कॉग्निटिव टेस्ट) से गुजरने की मांग की थी। एक नए सर्वे से पता चला है कि 62त्न अमेरिकी मतदाताओं ने माना है कि वे राष्ट्रपति बाइडेन के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं।



**याददाश्त पर विवाद बढ़ा...**

22 फरवरी को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के सबसे बड़े विरोधी एलेक्सी नवलनी की मौत के 6 दिन बाद बाइडेन ने उनकी पत्नी यूलिया नवलनया और बेटी दाशा नवलनया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नवलनी की पत्नी यूलिया को योलांडा कह दिया।

अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कुछ दिन पहले बाइडेन ने याददाश्त के आरोपों का खंडन करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान गाजा को लेकर सवाल पर हमास का नाम भूल गए। इसके बाद मिस्र के नेता अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति बता बैठे।

इसके पहले नेवादा में डेमोक्रेटिक पार्टी के दौरान बाइडेन ने कई मिनिट तक फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रेंकोइस मिटरेंड से बातचीत का जिक्र किया था। फ्रेंकोइस का 1996 में निधन हो चुका है। इतना ही नहीं वो फ्रांस को जर्मनी भी बोल गए थे।

2022 में बाइडेन डेमोक्रेटिक पार्टी के एक टाउनहॉल में पहुंचे थे। यहां स्पीच के दौरान उन्होंने अपनी ही पार्टी के सांसद का नाम लेकर उन्हें तीन बार स्टेज पर इनवाइट किया था। इस सांसद का निधन हो चुका था। इसके बाद बाइडेन ने माफी मांगी थी।

बाइडेन अमेरिकी संसद में हुई हिंसा की तारीख भूले गए थे। वो 6 जनवरी की जगह 6 जुलाई बोल गए थे। उन्होंने कहा था- 6 जुलाई को जो कुछ हुआ उसका इंटरनेशनल लेवल पर जो असर हुआ था, उसे आप समझ ही सकते हैं। इसी भाषण में उन्होंने जहां यूक्रेनियन बोलना था, वो उसे ईरानियन बोल गए थे।

# एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए कर रहे प्रयास

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एच-1बी वीजा प्रक्रिया, ग्रीन कार्ड बैकलॉग और आव्रजन प्रणाली से जुड़े अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बुधवार को यह बात कही। एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है। यह आमतौर पर उन लोगों को दिया जाता है, जो अमेरिका में काम करने के लिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो एच-1बी वीजा ऐसे कुशल कर्मचारियों को रखने के लिए दिया जाता है, जिनके काम की जरूरत अमेरिका की कंपनियों को है। इसके बाद ग्रीन कार्ड दिया जाता है। इस वीजा की वैधता छह साल की होती है। भारतीय आईटी पेशेवर इस वीजा को सबसे ज्यादा हासिल करते हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पीयरे ने बुधवार को एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमने एच-1बी वीजा, ग्रीन कार्ड बैकलॉग प्रक्रिया में सुधार के लिए कदम उठाए हैं।




दरअसल, उनसे भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों के एक वर्ग में फैली इस भावना के बारे में पूछा गया था कि राष्ट्रपति बाइडन वैध प्रवासियों की मुश्किलों को दूर करने के लिए उतने प्रयास नहीं कर रहे हैं, जितना वह अवैध प्रवासियों के लिए कर रहे हैं।

पीयरे ने आगे कहा, उदाहरण के तौर पर अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने पिछले महीने ही एच-1बी वीजा से जुड़े नए नियम प्रकाशित किए हैं। यह बदलाव आव्रजन प्रणाली की अखंडता को मजबूत करने और धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम करने के लिए किए गए हैं। यह बदलाव निष्पक्ष और ज्यादा न्यायसंगत परिणामों को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिकारी आव्रजन प्रणाली में सुधार के लिए अपना काम जारी रखेंगे। यह निश्चित रूप से हमारी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, प्रशासन इसे बहुत गंभीरता से लेता है और वह वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखेगा।

### फ्रांसीसी सांसद ने गर्भपात अधिकारों को मंजूरी देने के लिए किया वोट

**पेरिस।** फ्रांसीसी सांसद ने बुधवार को संविधान में गर्वपात के अधिकारों को मंजूरी देने के लिए मतदान किया। उन्होंने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा रो वी वेड के फैसले को पलटने के बाद इसके पक्ष में निर्णायक रूप से मतदान किया। सांसद के पक्ष में 267 और विपक्ष में 50 वोट पड़े। यह विधायी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने इसे प्रगति की ओर एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने महिलाओं के अपने शरीर पर स्वतंत्र रूप से नियंत्रण रखने के महत्व को दर्शाया। पीएम अटाल ने कहा कि लैंगिक समानता की दिखा में एक कदम आगे बढ़ाया गया है। संविधान में गर्वपात के अधिकारों को मंजूरी देने के लिए पेश किए गए प्रस्ताव का उद्देश्य फ्रांसीसी कानूनी ढांचे के भीतर गर्भपात के अधिकारों को मजबूत करना है। गर्वपात फ्रांस में 1975 से ही वैध है और गर्भावस्था के पहले 10 हफ्तों में इसे वैध बताया था। हालांकि, बाद में इसे बढ़ाकर 14 हफ्ते किया गया था। इस प्रक्रिया की लागत राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा प्रणाली द्वारा कवर किया जाएगा।

### इथियोपिया : सड़क दुर्घटनाओं में छह महीनों में 1,358 लोगों की मौत

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में पिछले छह महीने की अवधि के दौरान यातायात दुर्घटनाओं में कम से कम 1,358 लोगों की मौत हो गई। इथियोपियाई सरकार ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इथियोपिया सरकार संचार सेवा के राज्य मंत्री सेलामावित कासा ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि घातक यातायात दुर्घटनाओं ने पूर्वी अफ्रीकी देश में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। श्री कासा ने कहा कि आठ जुलाई, 2023 को शुरू हुए वर्तमान 2023-2024 इथियोपियाई वित्तीय वर्ष की पहली छह महीने की अवधि के दौरान मरने वालों की संख्या के शीर्ष पर है और इसके अतिरिक्त 2,672 लोगों को दुर्घटनाओं से गंभीर चोटें आईं।उन्होंने कहा कि इससे देश को 1.9 अरब इथियोपियाई बिर्र (3 करोड़ 30 लाख अमेरिकी डॉलर) से अधिक का नुकसान हुआ है। श्री कासा के अनुसार अध्ययनों से पता चला है कि देश में 60 प्रतिशत से अधिक यातायात दुर्घटनाओं के लिए ड्राइवर दोषी हैं।

# अनंत और राधिका की शादी में जुटेंगे कई क्षेत्रों के दिग्गज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका अंबानी की शादी के मेहमानों की लिस्ट तैयार हो गई है। अनंत और राधिका के विवाह समारोह का आयोजन 1 मार्च से 3 मार्च के बीच किया जाना है। मेहमानों की लिस्ट के अनुसार अनंत-राधिका की शादी में कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जस्सम अल थानी भी शामिल होंगे। उनके अलावे इस विवाह समारोह के लिए भुटान की रानी जेत्सुन पेमा, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और साउदी अरामको के चेयरपर्सन यासिर अल रुमाय्यान को भी आमंत्रण भेजा गया है।

भारतीय कारोबार जगत की बात करें तो शादी समारोह के लिए टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरपर्सन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इंफोसिस के चेयरमैन नदन नीलेकनी, आरपीएसजी ग्रुप के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के



रशिद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक, सिरम इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूणावाला, एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल, हीरो के पवन मुंजाल, एचसीएल की रोशनी नागर और जेरोधा के सहसंस्थापक निखिल कामत के अलावे कारोबारी रॉनी स्क्रूवाला और सन फर्मा के दिलीप संघी को भी आमंत्रित किया गया है।

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के विवाह समारोह में कारोबार जगत के दिग्गजों के अलावे क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी भी शिरकत करते नजर आएंगे। मेहमानों की लिस्ट के अनुसार शादी समारोह में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, क्रुणल पांड्या और ईशान किशन भी आमंत्रित हैं।

अनंत अंबानी और रधिका मर्चेंट के शादी समारोह में बॉलीवुड का प्रतिनिधित्व अभिषेक और ऐश्वर्या राय बच्चन, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना, अजय देवगन और काजोल जैसे सितारे करेंगे। उनके साथ सैफ अली खान और उनका परिवार, चंकी पांडे, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण, रणबीर कपूर व आलिया भट्ट, और विक्की कौशल व कैटरीना कैफ भी विवाद समारोह में शामिल होंगे। आनंत और राधिका की शादी के लिए माधुरी दीक्षित और श्रीराम नेने, आदित्य और रानी (मुखर्जी) चोपड़ा, करण जौहर, बोनी कपूर, अनिल कपूर, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर, करिश्मा कपूर, रजनीकांत और परिवार भी आमंत्रित लोगों की सूची में हैं। आमंत्रित लोगों को भेजे गए एक इवेंट गाइड के अनुसार, यह कार्यक्रम थीम पर आधारित होगा। मेहमानों को दिल्ली और मुंबई से जामनगर लाने और वापस लाने के लिए चार्टर्ड प्लेन की व्यवस्था की गई है। 1 मार्च को दोपहर तक मेहमानों के पहुंचने की उम्मीद है। शादी समारोह में हॉलीवुड पॉप-आइकन रिहाना, दिलजीत दोसांझ और अन्य अपने प्रदर्शन से मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

### इन वैश्विक नेताओं को भी किया गया आमंत्रित

मेहमानों की सूची में स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड, कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर, गूगल के अध्यक्ष डेनाल्ड हैरिसन, बोलीविया के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज क्विरोगा, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रड और विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष क्लॉस श्वाब शामिल हैं।

### अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को भी आमंत्रण

अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, सीईओ और एमडी एडीएनओसी डॉ सुल्तान अल जाबेर, सीईओ बीपी मरे ऑचिनक्लोस, अध्यक्ष और संस्थापक कॉलोनी कैपिटल थॉमस बैरक, सीईओ जेसी 2 वेंचर्स जॉन चैंबर्स, पूर्व सीईओ बीपी बॉब डुड्ले, बीएमजीएफ में वैश्विक विकास के अध्यक्ष क्रिस्टोफर एलियास, एक्सोर जॉन एल्कान के कार्यकारी अध्यक्ष और एंडेवर एरी इमानुएल के सीईओ भी विवाह समारोह में जामनगर पहुंच सकते हैं।

### इन दिग्गजों के नाम भी मेहमानों की लिस्ट में

अध्यक्ष और सीईओ ब्लैकरॉक लैरी फिंक, सीईओ ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट ब्रूस फ्लैट, सह-अध्यक्ष बोर्ड के सदस्य बीएमजीएफ बिल गेट्स, सीओओ ब्लैकरॉक रॉब एल गोल्डस्टीन, प्रबंध निदेशक मॉर्गन स्टेनली माइकल ग्रिम्स, अध्यक्ष हिल्टन और हाइलैंड रिचर्ड हिल्टन, उपाध्यक्ष बर्कशायर हैथवे अजीत जैन, बोर्ड के सदस्य मंदारिन ओरिएंटल आर्ची केसविक, वैज्ञानिक डॉ रिचर्ड क्लाउसनर, व्यवसायी जेरेड कुशनर, संस्थापक थ्राइव कैपिटल जोशुआ कुशनर, पूर्व सीईओ बीपी बर्नार्ड लूनी, पूर्व गवर्नर व्यवसायी टेरी मैकऑलिफ, वैज्ञानिक और उद्यमी यूरी मिलनर, संस्थापक और सीईओ लुपा सिस्टम्स जेम्स मर्डोक, अध्यक्ष और सीईओ अरामको अमीन एच नासर, संस्थापक एनवी इन्वेस्टमेंट्स विवि नेवो, पूर्व डीन हार्वर्ड बिजनेस स्कूल नितिन नोहरिया, सीओओ मेटा जेवियर ओलिवन, बैंक ऑफ अमेरिका के उपाध्यक्ष पूर्ण सगुर्ती, संस्थापक और सीईओ स्टील पलॉट मिशेल रिटर, संस्थापक श्मिट फ्यूचर्स एरिक श्मिट, संस्थापक और प्रबंध भागीदार शेरपालो राम श्रीराम, सीईओ सनमिना कॉर्प ज्यूर सोला, सीईओ एंटरप्राइज जीपी जिम टीग, समूह अध्यक्ष एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी मार्क टकर कुछ अन्य संभावित मेहमानों की सूची में शामिल हैं। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के तीन बच्चों में से सबसे छोटे अनंत अंबानी की शादी एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट और उद्यमी शैला मर्चेंट की छोटी बेटी राधिका मर्चेंट से होने जा रही है।

# इलिनॉय राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए भी घोषित हुए अयोग्य

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं।

इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमति नहीं है। छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल की हिंसा में ट्रंप की भूमिका को लेकर उन्हें इलिनॉय में प्राथमिक चुनाव से बाहर किया गया। इलिनॉय कुक काउंटी सर्किट की न्यायाधीश ट्रेसी पोर्टर ने ट्रंप को अपील करने के लिए शुक्रवार तक का समय दिया। न्यायाधीश ने अपना फैसला 14वें संशोधन के एक प्रावधान के आधार पर लिया। इस संशोधन की धारा 3 व्यक्ति को सार्वजनिक पद तक पहुंचने से रोकती है। इसके तहत उन लोगों को मतदान से रोका जाता है, जो एक बार संविधान को बचाने का वचन देकर बगावत में शामिल होते हैं। इलिनॉय के निवासियों ने ट्रंप को अदालत में चुनौती दी थी। उनके वकील कैरिन लेडरर ने एक बयान में कहा, यह फैसला कानून के शासन के महत्व और अमेरिकी संविधान की पहचान को बरकरार रखता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ट्रंप की उम्मीदवारी को 36 राज्यों में चुनौती दी गई है। इससे पहले ट्रंप इसी तरह के मुकदमों को कई अन्य राज्यों में चुनौती दे चुके हैं। वकीलों का संगठन फ्री स्पीच फॉर पीपल उन्हें मिशिगन, मिनेसोटा और ओरेगन में प्राथमिक चुनाव से बाहर करने में विफल रहा।